## महत्वपूर्ण एवं खास

### दर्रीपारा के बाड़ी में घुसा हाथियों का दल

**कोरबा (आरएनएस)।**वनमंडल कटघोरा के केंदई व जटगा रेंज में 50 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनमें से 39 हाथियों का दल केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में सक्रिय है जबकि 11 हाथी जटगा के जंगलों में मौजूद हैं। केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में सक्रिय हाथियों के दल ने बीती रात सर्किल अंतर्गत पोड़ीखुर्द पंचायत में दर्रीपारा में एक ग्रामीण के बाड़ी में प्रवेश कर उत्पात मचाने की कोशिश की लेकिन समय पर ग्रामीणों द्वारा सूचना दे दिए जाने पर वन विभाग के हाथी ट्रेकिंग दल के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और हाथियों को खदेड़ दिया। जिससे हाथियों का दल वापस जंगल जाने को विवश हो गया। हाथियों ने यहां नारियल के एक-दो पेड़ों को ही नुकसान पहुंचाया है। इस तरह वन विभाग की सक्रियता से हाथी ज्यादा नुकसान पहुंचाने में विफल रहा।

### कपड़ा व्यवसायी की निर्मम हत्या से इलाके में फैली सनसनी

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिलतरा में कपड़ा व्यवसायी की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। कारोबारी का शव उसके घर में मोटरसाइकिल के नीचे दबा मिला, और शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस सभी संभावित एंगल से मामले की जांच कर रही है।घटना बीती रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक कपड़ा व्यवसायी रशिक लाल गुप्ता की पत्नी ने पंचायत चुनाव में वार्ड पंच पद के लिए चुनाव लड़ा था, जिससे इस हत्याकांड को चुनावी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके अलावा, बताया जा रहा है कि रशिक गुप्ता शराब पीने का आदी था। फिलहाल पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।इस मामले में एडिशनल एसपी अर्चना झा ने बताया कि मामला संदेहास्पद है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है।

### तेज रफ्तार माजदा वाहन ने स्कूटी सवार का सिर धड़ से अलग

**बलौदाबाजार-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ बलौदाबाजार जिले में एक दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ है. राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी पर तेज रफ्तार माजदा वाहन ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि युवक का सिर धड़ से अलग हो गया. इस घटना से आसपास के इलाके में हडक़ंप मच गया है. यह घटना कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम छांछी बस स्टैंड के पास घटी है. मृतक युवक स्कूटी पर सवार होकर कसडोल से शिवरीनारायण मेले में जाने के लिए निकला था. हादसे के समय उसके साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था, जो गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक को इलाज के लिए तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, मृतक कसडोल के इंदिरा कॉलोनी का निवासी था. घटना की सूचना मिलते ही कसडोल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है.

### ठगी का शिकार होते नंबर 1930 पर करें कॉल

**रायपुर (आरएनएस)।** अगर साइबर ठगों ने किसी भी तरीके से आपके बैंक खाते से रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए हैं, इसके बाद आपको ठगे जाने का एहसास हो रहा है, तो घबराएं नहीं। साइबर हेल्पलाइन 1930 को फोन करें और इसकी शिकायत दर्ज कराएं। यहां दो मिनट में ही आपको मदद मिलेगी। जिस खाते में आपका पैसा गया है, उसे फ्रीज कर दिया जाएगा, जिससे आपका पैसा बच जाएगा। इसे फिर अदालती कार्रवाई के माध्यम से आप वापस ले सकेंगे। जैसे ही ऑनलाइन ठगी की वारदात हुई, तुरंत 1930 पर कॉल करें। इससे ठगी करने वाले का खाता फ्रीज कर आपका पैसा होल्ड पर डाल दिया जाएगा। कॉल करते ही संबंधित थाना पुलिस के पास शिकायत पहुंचेगी। यहां से पुलिस, पीड़ित से संपर्क करेगी। पीड़ित को थाने आकर एफआईआर दर्ज करानी होगी। इसके बाद पुलिस जांच करेगी।

# कामकाजी महिलाओं की सुरक्षित आवास की बड़ी जरूरत होगी पूरी : रायपुर और बिलासपुर में बनेंगे छह महिला छात्रावास

- केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा विशेष पूंजीगत सहायता के तहत 202 करोड़ स्वीकृत
- रायपुर में तीन, बिलासपुर में दो और नया रायपुर में बनेगा एक छात्रावास
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहरों में कामकाजी महिलाओं के सुरक्षित व सस्ते आवास के लिए राशि मुहैया कराने भारत सरकार को दिया धन्यवाद

**रायपुर। आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के दो सबसे बड़े शहरों रायपुर और बिलासपुर में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षित एवं सस्ते आवास की बड़ी जरूरत जल्द पूरी होगी। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने राज्यों के लिए विशेष पूंजीगत सहायता योजना के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर और नया रायपुर में छह कामकाजी महिला छात्रावासों के लिए 202 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से रायपुर नगर निगम द्वारा तेलीबांधा और टाटीबंध में 250-250 सीटर तथा भैंसथान में 223 सीटर महिला छात्रावास बनाए जाएंगे। वहीं बिलासपुर के तिफरा और सिरगिट्टी में सीएसआईडीसी द्वारा 224-224 सीटर छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण नया रायपुर में एक हजार सीटर छात्रावास बनाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहरों में कामकाजी महिलाओं के सुरक्षित एवं सस्ते आवास के लिए राशि मुहैया कराने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सुशासन के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य को हासिल करने राज्य शासन ने वर्किंग वीमेन हॉस्टल बनाने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया था।उन्होंने इसकी मंजूरी मिलने पर राज्य की महिलाओं की ओर से भारत सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उन्होंने कहा कि छात्रावासों के निर्माण से तीनों शहरों में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास मिलेगा।

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा विशेष पूंजीगत सहायता के तहत नया रायपुर में एक हजार सीटर महिला छात्रावास के लिए 103 करोड़ 22 लाख रुपए, रायपुर के टाटीबंध और तेलीबांधा में 250-250 सीटर छात्रावास के लिए क्रमश: 15 करोड़ 10 लाख रुपए और 15 करोड़ पांच लाख रुपए मंजूर किए हैं। रायपुर के ही भैंसथान में 223 सीटर छात्रावास के लिए 17 करोड़ 23 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। भारत सरकार द्वारा बिलासपुर के तिफरा और सिरगिट्टी में 224-224 सीटर छात्रावास के लिए क्रमश: 26 करोड़ 15 लाख रुपए और 25 करोड़ 25 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

## सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

**रायपुर। आरएनएस**

राजधानी से जुड़े छोटेरेलवे स्टेशनोंपर यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। अगर आप सरस्वती नगर या फिर डब्ल्यूआरएस स्टेशन से लोकल ट्रेन में यात्रा करने जा रहे हैं तो आपको कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

यहां न तो पानी की सुविधा है, न पंखे और न ही शौचालय। यहां तक कि छोटे और व्यस्त स्टेशनों पर ये आवश्यक सुविधाएं नदारद हैं, जो यात्रियों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। स्टेशन पर रेलवे यात्रियों को बैठने मात्र की सुविधा दी जा रही है।

रविवार को छोटे स्टेशनों का जायजा लिया। सरस्वती नगर स्टेशन पर यात्री खाली बोतल लिए बैठे मिले तो वहीं डब्ल्यूआरएस में भी यात्री समस्याओं से जूझते मिले। दिलचस्प बात ये भी है कि रेलवे छत्तीसगढ़ के 17 बड़े स्टेशनों को पुन: विकसित करने 2700 करोड़ रुपए की लागत से 'अमृत भारत स्टेशन योजना' चला रहा है, लेकिन छोटे स्टेशनों की हालत जस के तस बनी हुई है। बता दें कि इन दोनों स्टेशनों पर रोजाना 500 से ज्यादा यात्रियों की आवाजाही होती है। स्टेशन निर्माण के बाद से पीने के लिए पानी का कनेक्शन स्टेशन तक नहीं पहुंचा है।

रायपुर के सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को असुविधाओं से दो-चार होना पड़ रहा है। मुख्य स्टेशन से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस स्टेशन पर सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक लोकल ट्रेनें रुकती हैं और यहां प्रतिदिन 500 से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। बावजूद इसके इस स्टेशन पर पीने के पानी की सबसे बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है, क्योंकि रेलवे ने यहां नल कनेक्शन तक नहीं दिया है। इस कारण यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। पंखे की सुविधा भी नहीं है। शौचालय भी नहीं है। यात्रियों को खुले में शौच जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। रेलवे ने यहां नए वेटिंग रूम और शौचालय का निर्माण जरूर किया है, लेकिन दो साल से यहां ताला लटका हुआ है। गर्मी के मौसम में यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

डब्ल्यूआरएस और सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन पर रोजाना हजारों यात्री ट्रेन में यात्रा करने पहुंचते हैं। यहां की लोकल ट्रेनें खासतौर पर छोटे कस्बों तक जाने वाले यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण साधन हैं और इन स्टेशनों से रेलवे को लगातार टिकट किराए के रूप में कई सालों कमाई हो रही है, इसके बावजूद वर्षों से इन स्टेशनों पर बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। यात्रियों को पानी, पंखे, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिलने के कारण उन्हें हर दिन असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। यात्रियों का कहना है कि इन स्टेशनों से होने वाली कमाई का एक हिस्सा सुविधाएं प्रदान करने में लगाना चाहिए, ताकि यात्रियों को यात्रा के दौरान कम से कम आराम और राहत मिल सके।

## सैनिटाइजर से सिगड़ी जलाने की कोशिश ननंद और भाभी झुलसी

- जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती-एक गंभीर

**कोरबा। आरएनएस**

कोरबा-पश्चिम के कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेवरा बस्ती में सैनिटाइजर से सिगड़ी जलाने की कोशिश के दौरान ननंद-भाभी बुरी तरह झुलस गए हैं, दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना दोपहर के समय की बताई जा रही है। जब दोनों महिलाएं अलग-अलग कोयले की सिगड़ी जला रही थीं। कोयला जल्दी नहीं जल रहा था और मिट्टी का तेल उपलब्ध नहीं था। इसलिए दोनों ने सैनिटाइजर का उपयोग करने का निर्णय लिया। सैनिटाइजर डालते ही आग की लपटें तेजी से उठीं और दोनों महिलाएं इसकी चपेट में आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दोनों को तुरंत जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल चैकी प्रभारी दाऊद कुजुर के अनुसार, एक महिला की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें रेफर कर दिया गया है। दूसरी महिला की स्थिति फिलहाल स्थिर है। पुलिस ने मामले में बयान दर्ज कर लिए हैं और जांच के लिए संबंधित थाने को डायरी भेजी जाएगी।

## पत्नी की बेहरमी से हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर-रायपुर। आरएनएस**

कांकेर जिले के पटौद गांव में एक पति द्वारा पत्नी की हत्या का मामला सामने आया है। आरोपी मनिकांत कुंजाम ने अपनी 25 वर्षीय पत्नी अनूपा कुंजाम की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। 25 दिसंबर 2023 को गांव के हाई स्कूल के सामने इमली के पेड़ पर एक महिला का शव लटका मिला। गांव के महेंद्र सलाम ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। जांच में पता चला कि मृतका के चेहरे और हाथों पर चोट के निशान थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते थे। आरोपी पति घटना के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने उसे नारायणपुर के फरसगांव थाना क्षेत्र के दंडवन गांव से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। प्रधान सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता ईश्वर लाल साहू ने आरोपी को दोषी साबित किया। कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कठोर कारावास और 500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। आरोपी पति मनिकांत कुंजाम को कोर्ट ने धारा 302 भारतीय दंड के तहत उम्रकैद और 500 रुपए का अर्थदंड, धारा 201 भारतीय दंड विधान में 3 साल का सश्रम कारावास और 200 रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी द्वारा रकम अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगताने का आदेश दिया गया है।

## बोर्ड परीक्षा के ठीक पूर्व बंटी 2024 की आंसर शीट, वापस मंगाया जा रहा

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी हैं, लेकिन परीक्षा से पहले ही शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पेंड्रा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला में बोर्ड परीक्षा के समन्वय केंद्र प्रभारी और प्राचार्य एलपी डाहिरे ने गलती से 2025 की बजाय 2024 की उत्तर पुस्तिकाएं वितरित कर दीं। प्राचार्य डाहिरे ने बताया कि करीब 1,500 उत्तर पुस्तिकाएं, जो 2024 की परीक्षा की प्रैक्टिकल कॉपियां थीं, गलती से वितरित कर दी गईं। अब उन उत्तर पुस्तिकाओं को एक-एक करके वापस मंगाया जा रहा है और उनकी जगह 2025 की सही उत्तर पुस्तिकाएं दी जा रही हैं। इस लापरवाही के कारण कई स्कूलों और परीक्षा केंद्रों के प्रभारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**उत्तर पुस्तिकाओं को वापस मंगाने का आदेश**

अगले सप्ताह से छत्तीसगढ़ में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं, लेकिन इससे पहले ही यह बड़ी गलती सामने आ गई। समन्वयक और केंद्र प्रभारी ने अब 2024 की उत्तर पुस्तिकाएं वापस मंगाने के आदेश जारी किए हैं। कुछ केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाएं लौटनी शुरू हो गई हैं, लेकिन इस लापरवाही को लेकर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी क्या कार्रवाई करेंगे, यह देखने वाली बात होगी।

## बहुचर्चित सीडी कांड मामले में कोर्ट में पेश हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अन्य

**रायपुर। आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित सीडी कांड मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। केस में आरोपी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके मीडिया सलाहकार विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका, विजय पांड्या और विजय भाटिया कोर्ट में उपस्थित हुए। अब मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को होगी। इस मामले में 7 साल बाद सुनवाई हुई है।

बता दें कि कोर्ट ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश होने का समन जारी किया था, जिसके परिपालन में मंगलवार को सभी आरोपी न्यायाधीश भूपेंद्र कुमार बसंत की कोर्ट में उपस्थित हुए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोर्ट में हाजरी देने के बाद विधानसभा के लिए रवाना हो गए,जबकि बाकी आरोपी कोर्ट में मौजूद रहे। कोर्ट में सीबीआई ने बताया कि 2017 में मुंबई में मानस साहू ने सीडी को मॉर्फ किया और उसके साथ पैसों का लेनदेन हुआ। सीडी बनने के करीब सालभर बाद दिल्ली में उसकी कॉपी की गई। सीबीआई ने कोर्ट में बताया कि उनके पास सभी इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस मौजूद है। मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को होगी।

बता दें कि सीडी कांड की सुनवाई पिछले 7 सालों से नहीं हुई थी। 2018 में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी और केस को दिल्ली ट्रांसफर करने का आवेदन किया गया। ऐसा इसलिए किया गया था कि आरोपियों में प्रभावशाली व्यक्तियों का नाम शामिल था और सीबीआई ने यह संदेह जताते हुए कि कि रायपुर कोर्ट में सुनवाई होने से केस को प्रभावित किया जा सकता है, मामले को ट्रांसफर करने आवेदन किया था। लेकिन सीबीआई का यह आवेदन दिल्ली की कोर्ट में लंबित रहा और इस बात का फैसला नहीं हो पाया कि मामले की सुनवाई कहां होगी। हाल ही में दिल्ली की कोर्ट ने यह निर्णय लिया कि यह मामला ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। और केस डायरी दिल्ली से रायपुर भिजवा दी। जिसके बाद अब रायपुर के सीबीआई के विशेष कोर्ट में केस चलेगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## थाना कसडोल पुलिस द्वारा अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए, ब्लेड से वार कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले 01 अपचारी बालक सहित 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

- पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट के 06 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को लिया गया हिरासत में

**कसडोल। आरएनएस**

प्रार्थी गुलशन साहू निवासी चांटीपाली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी सिरपुर रोड कसडोल में किराने की दुकान है जिसमें वह और उसके पिताजी दोनों बैठते हैं। कि *दिनांक 24.02.2025 को सुबह करीबन 08:15 बजे आरोपीयान उसकी दुकान में आए एवं प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए, दुकान को जला देने की धमकी दिए तथा आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुए अपने हाथ में रखे ब्लेड से प्रार्थी के हाथ की कलाई में मारकर गंभीर चोट पहुंचाए है।

कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 130/2025 धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5), 118(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल एक अपचारी बालक सहित तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा एक राय होकर प्रार्थी की दुकान में जाकर उसके साथ गाली गलौज कर, उसे जान से मारने की धमकी देते हुए ब्लेड मारकर प्रार्थी को गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में तीनों आरोपियों को दिनांक 24.02.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम

1. लक्ष्य उर्फ लक्की साहू उम्र 21 साल निवासी महामाया पारा कसडोल थाना कसडोल

2. सूरज उर्फ छोटू साहू उम्र 19 वर्ष निवासी महामाया पारा कसडोल थाना कसडोल